## इस योजना में सामान्य वर्ग के गरीब युवाओं की लगभग 200 रूपए प्रतिमाह छात्रवृत्ति से होगी उच्च शिक्षा

# सामान्य वर्ग के गरीबों के लिए विक्रमादित्य योजना बनी मज़ाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा/ **मनीष गड़करी**

सामान्य वर्ग के युवाओं को कई बार ऐसा महसूस होता है कि वोट लेने के समय जनप्रतिनिधि जितनी शिद्दत के साथ समानता की बातें करते हैं वहीं नीति निर्धारण करते समय यह भूल जाते हैं कि जिन सामान्य वर्ग के वोटों के बदौलत वे जीते है क्या वे इस वर्ग के साथ न्याय कर रहे हैं या फिर मजाक चल रहा है। ऐसा ही एक मजाक देखने में आया है जहां सरकार द्वारा विक्रमादित्य योजना के नाम से सामान्य वर्ग के युवाओं के साथ मजाक किया गया है।

यहां हम मजाक इसलिए कह रहे है कि जहां एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के कई संपन्न लोगों को सरकार हजारों रूपए की आर्थिक सहायता शिक्षा के उत्थान के लिए प्रदान कर रही है। वहीं महज 2500 रूपए सालाना विक्रमादित्य योजना के तहत गरीब सामान्य वर्ग के युवाओं को देने की योजना बनाकर अपनी पीठ थपथपा रही है। महज लगभग 200 रूपए प्रतिमाह का योगदान देकर सरकार में बैठे अधिकारी और नेताओं को लग रहा है कि वे गरीब सामान्य वर्ग के युवाओं के लिए बहुत कुछ कर रही है। आरक्षण के नाम पर कई बार धोखा खाने वाले ईडब्ल्यूएस श्रेणी के युवा सरकार की इस योजना को मजाक बता रहे है।

मध्यप्रदेश सरकार जहां लाड़ली बहना योजना में प्रति महिला 1250 रूपए प्रतिमाह देती है वहीं सामान्य वर्ग के गरीब को 200 रूपए का अनुदान कर भारी आर्थिक सहायता पहुंचाने का ढोंग कर रही है। वैसे तो सामान्य वर्ग को ईडब्ल्यूएस आरक्षण प्राप्त है। परंतु ईडब्ल्यूएस के नाम पर सरकार द्वारा दिए जाने वाले दस प्रतिशत आरक्षण में भी विभिन्न भर्तियों के समय अलग अलग नीतियां निर्धारित की जाती है जिसके कारण सामान्य गरीब वर्ग के युवाओं के साथ न्याय होना संभव नहीं हो पाता है। शिक्षक भर्ती परीक्षा 2018 की ही बात करें तो सरकार द्वारा अन्य आरक्षित वर्ग एससी, एसटी, ओबीसी की तरह ईडब्ल्यूएस को समतुल्य नहीं माना गया था जिसकी वजह से इस भर्ती में उत्तीर्ण अंक सामान्य वर्ग की भांति ही ईडब्ल्यूएस के अभ्यर्थियों को भी 60 प्रतिशत अंक लाना जरूरी था जबकि एससी, एसटी, ओबीसी के विद्यार्थी 50 प्रतिशत अंकों के साथ ही शिक्षक बन गए। बाद में सरकार से मान मिन्नतों के बाद शासन ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए न्यूनतम उत्तीर्ण अंक ईडब्ल्यूएस के लिए भी 50 प्रतिशत करने का निर्णय लिया था। सरकार ने माना था कि आरक्षित श्रेणी के तहत एससी, एसटी, ओबीसी की तरह ही ईडब्ल्यूएस को भी आरक्षित श्रेणी माना जाए। सरकार द्वारा ईडब्ल्यूएस श्रेणी के अभ्यिर्थयों के लिए नीति निर्धारण तो किया गया है परंतु विक्रमादित्य योजना की भांति ही कहीं न कहीं भारी कमियां रह गई है। इसका मूल कारण यह है कि सामान्य वर्ग को हमेशा से ही संपन्न माना जाता है। जबकि अन्य वर्गों में भी आर्थिक रूप से कई संपन्न लोग आरक्षण का भरपूर लाभ प्राप्त कर लेते है। अनारक्षित सीटों पर भी इन वर्गों का कब्जा होने के बाद सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों को हमेशा ही संघर्ष का सामना करना पड़ता है।

यही कारण है कि विगत भर्तियों में ओबीसी श्रेणी के उम्मीदवारों की संख्या अपेक्षाकृत बहुत अधिक रही है। सामान्य वर्ग के लोगों के लिए योजना बनाने वाले शायद या तो जमीन से जुड़े नहीं है या फिर अन्य वर्ग के लोग है जिनके पेट भरे है। ऐसे में योजना निर्धारण करते समय जबकि हकीकत का ध्यान रखते हुए योजनाओं का निर्धारण किया जाता है जो कि हकीकत में आने पर मजाक बनकर सामने आती है। विक्रमादित्य योजना इसी बात का स्पष्ट प्रमाण है। हाईकोर्ट के अधिवक्ता धीरज तिवारी ने इस योजना के क्रियान्वयन करने वाले और सृजन करने वाले अधिकारियों का इस ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए पत्र व्यवहार किया है। सरकार को इस योजना के सफल उद्देश्य पूर्ण संचालन के लिए दी गई सहायता राशि में कई गुना इजाफा करने की आवश्यकता है तभी यह माना जाएगा कि योजना वास्तव में सामान्य वर्ग के गरीब युवाओं के लिए बनाई गई है।




### गरीब सामान्य वर्ग के युवाओं के भविष्य से मज़ाक

मध्यप्रदेश सरकार द्वारा घोषित 'विक्रमादित्य योजना' का उद्देश्य था कि वह गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों को निःशुल्क उच्च शिक्षा दिलाएगी। लेकिन ज़मीनी हकीकत चीख-चीखकर कह रही है कि यह योजना एक छलावा है – ना इसमें राहत है, ना सम्मान। योजना में कहा गया कि जरूरतमंद छात्र को 2500 तक की सालाना सहायता राशि मिलेगी, जो शायद आज के समय में एक अच्छे बैग या किताबों का खर्च भी पूरा नहीं कर सकती। तो क्या सरकार यह मान बैठी है कि गरीब छात्रों की पूरी शिक्षा 2500 में पूरी हो जाती है?

### EWS वर्ग के साथ क्रूर मज़ाक

इस योजना की आलोचना करते हुए **EWS** संगठन के अध्यक्ष अधिवक्ता धीरज तिवारी ने कहा इस योजना का नाम 'विक्रमादित्य' ज़रूर है, लेकिन नीति में कोई महानता नहीं है। ये योजना सिर्फ फोटो में मुस्कुराते चेहरों तक सीमित है, ज़मीन पर इससे गरीब छात्रों को कुछ नहीं मिलता। 2500 की मदद देकर सरकार आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग का अपमान कर रही है। यह नीतिगत भेदभाव और संवैधानिक समानता के अधिकार का सीधा उल्लंघन है। **छात्रों की पीड़ा** – 'पढ़ाई या मज़दूरी?'योजना में इतने कठोर और तंग दायरे की शर्तें रखी गई हैं कि अधिकतर पात्र छात्र बाहर हो जाते हैं —54,000 से कम वार्षिक आय।जबकिं **EWS** में 8 लाख वार्षिक आय माना गया हैंकेवल सरकारी/अनुदान प्राप्त कॉलेज में पढ़ाई12वीं में 60% अंकसिर्फ सामान्य वर्ग के छात्र रीवा, सतना, मंडला, और छतरपुर जैसे ज़िलों से आई शिकायतें बताती हैं कि योजना की राशि समय पर नहीं मिलती, पोर्टल में त्रुटियाँ हैं, और कॉलेज प्रशासन खुद इसे गंभीरता से नहीं लेता।



### क्या है विक्रमादित्य योजना

विक्रमादित्य योजना मध्य प्रदेश सरकार द्वारा लागू की गई एक छात्रवृत्ति योजना है। यह योजना उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित होती है और इसका उद्देश्य उन छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है जो सरकारी या अनुदानित गैर-सरकारी कॉलेजों में स्नातक की पढ़ाई कर रहे हैं और जिनके माता-पिता की वार्षिक आय 54,000 रुपये से अधिक नहीं है.

**योजना के मुख्य बिंदु:**

**छात्रवृत्ति राशि:**
योजना के तहत, छात्रों को सालाना विभिन्न शुल्कों सहित अधिकतम 2,500 रुपये तक की छूट मिलती है.

**पात्रता:**
छात्र मध्य प्रदेश का निवासी होना चाहिए.
छात्र के माता-पिता की वार्षिक आय 54,000 रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए.
छात्र किसी सरकारी या अनुदानित गैर-सरकारी कॉलेज में स्नातक की पढ़ाई कर रहा होना चाहिए.

**आवेदन प्रक्रिया:**
छात्र ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं और आवेदन करने की तारीखें तय होती हैं.

**स्वीकृति:**
स्वीकृति संबंधित कॉलेज के प्राचार्य द्वारा दी जाती है.

**राशि का भुगतान:**
स्वीकृति मिलने के बाद, छात्र के बैंक खाते में राशि जमा कर दी जाती है.

**आवश्यक दस्तावेज:**
समग्र आईडी.
वर्तमान कॉलेज कोड.
शाखा कोड.
नवीनतम पासपोर्ट आकार का फोटो.
जाति प्रमाण पत्र.
माता-पिता का आय प्रमाण पत्र.
निवासी प्रमाण.
यह योजना छात्रों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में वित्तीय रूप से मदद करती है। मेरी योजना पर अधिक जानकारी उपलब्ध है।

### अधिवक्ता ने उठाए कड़वे सवाल

अधिवक्ता धीरज तिवारी कहते है कि जब **SC/ST/OBC** वर्ग को लाखों की छात्रवृत्ति मिलती है, तो **EWS** वर्ग को 2500 क्यों? क्या संविधान की समानता की अवधारणा सिर्फ दिखावे के लिए है? क्या आर्थिक रूप से पिछड़े सामान्य वर्ग के बच्चों को सिर्फ इसलिए नजरअंदाज किया जा रहा है कि उनके पास कोई 'आरक्षण' की ढाल नहीं?अब वक्त आ गया है कि सरकार सिर्फ **EWS** वर्ग के लिए योजनाओं की घोषणा न करे, बल्कि उन्हें प्रभावी ढंग से लागू भी करे। वरना ये योजनाएं युवाओं की उम्मीदें तोड़ने वाली घोषणाएं बनकर रह जाएंगी।

### EWS वर्ग की सरकार से मांगें

योजना की राशि कम से कम 25,000 की जाए। निजी कॉलेजों को भी योजना में शामिल किया जाए। छात्रावास, किताब, भोजन जैसी आवश्यक सहायता भी जोड़ी जाए। सभी **EWS** छात्रों के लिए 'एकीकृत छात्रवृत्ति योजना' लाई जाए।

## रविवार दोपहर को फिर बजे टेस्टिंग सायरन



**छिंदवाड़ा।** आपातकाल स्थितियों से निपटने एवं नागरिकों को सावधान करने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा तीनों स्थानों पर सायरन लगाए गए हैं। नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार को दोपहर 12 बजे से दोपहर 03 बजे के मध्य तीन स्थानों के सायरन को टेस्टिंग के लिए बजाया गया। नागरिकों से अपील है कि सायरन की आवाज पर परेशान न होवे। सायरन केवल एक टेस्टिंग प्रक्रिया के लिए बजाया गया।इन स्थानों में लगे है सायरनशहर के चंदन गांव जोन के भारतदेव, कुकड़ा जगत जोन के धर्म टेकडी एवं मुख्यालय जोन के पानी टंकी में सायरन लगाया गया है जिन्हें टेस्टिंग के लिए बजाया गया।

## 110 पुलिसकर्मियों एवं उनके परिजनों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

### विवांता हॉस्पिटल की टीम को इस महत्वपूर्ण एवं सफल आयोजन दी बधाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

आज पुलिस लाइन छिंदवाड़ा में पुलिस अधीक्षक श्री अजय पांडे के निर्देशन में एक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रक्षित निरीक्षक श्री आशीष तिवारी, सूबेदार श्री लोहित, एएसआई श्री केशव इंगले, हेड कांस्टेबल श्री राहुल ठाकुर एवं अन्य कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे।साथ ही यातायात डीएसपी श्री रामेश्वर चौबे, डीएसपी (अजाक) श्री राजेश बंजारे, एफएसएल अधिकारी श्रीमती अनीता जोहरी एवं समस्त थाना शाखाओं के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा स्वास्थ्य शिविर का लाभ लिया गया।इस स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में विवांता क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा हृदय, मस्तिष्क एवं स्त्री रोग से संबंधित परीक्षण किए गए। लगभग 110 पुलिसकर्मियों एवं उनके परिजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस शिविर में ब्लड प्रेशर, शुगर सहित अन्य सामान्य जांचों के साथ लिपिड प्रोफाइल की भी निःशुल्क जांच की गई।विवांता हॉस्पिटल की ओर से डॉ. यश के. पालीवाल (एमबीबीएस, एमडी मेडिसिन), हॉस्पिटल डायरेक्टर श्री बलराम मेघानी, श्री पंकज शर्मा, डॉ. श्रीमती श्रद्धा शर्मा, श्री अभिषेक सिंह चंदेल, नर्सिंग स्टाफ एवं मैनेजमेंट टीम उपस्थित रही।पुलिस विभाग द्वारा विवांता हॉस्पिटल की टीम को इस महत्वपूर्ण एवं सफल आयोजन हेतु धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया गया।

## श्रीराम सेना ने मवेशी तस्करों को पकड़ा

**पांढुर्णा।** कल ग्राम तिगांव के करीब श्रीराम सेना तिगांव ने भैंसों से भरे पिकअप वाहन क्रमांक एमएच 43 बीबी 0430 को शतस्करी करते हुए पकडा। इसके साथ ही दो आरोपियों को भी पकड़ा गया जिनके नाम शेख मुबीन निवासी वरूड एवं शेख इमरान निवासी वरूड है। श्रीराम सेना ने मवेशियों और आरोपियों को पुलिस के हवाले कर दिया । उक्त वाहन को पकड़ते समय ग्राम तिगांव श्रीराम सेना के अध्यक्ष नयन ढोक, उपाध्यक्ष ओंकार भोजने, सचिन ढोक, सचिन रोकड़े , सुजीत ठाकरे , सोनू राउत एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## राजस्व की नदियों में रेत खत्म, कुआं बादला, सेहराढाना, घटलिंगा सर्किल की नदियों में रेत चोरी

### अधिकारियों का रटा रटाया जवाब वन भूमि से नहीं राजस्व से हो रहा उत्खनन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

दौरियाखेडा, देलाखारी, प्रतापगढ़ बादला, के राजस्व भूमि की नदियों से पटवारी एव तहसीलदार के अघोषित संरक्षण में बरसों से रेत का अवैध उत्खनन होता चला रहा है। वहीं खनिज निरीक्षक का इन रेत चोरों को खुला संरक्षण है, जिसके बलबूते में दिन, रात रेत की चोरी करते चले आ रहे हैं। इस चोरी में राजनैतिक एवं प्रशासनिक अधिकारी संयुक्त रूप से शामिल हैं और यह चोरी शासन की है। इस कारण किसी को कोई शिकवा शिकायत नहीं हो पाती। यही इस क्षेत्र में रेत चोरी का मूल करण बरसों से बना हुआ है। हर अधिकारी ने इस चोरी की परंपरा को वा दस्तूर जारी रखा है। रेत चोरी का आलम हो गया है कि अब राजस्व की नदियों से लाखों घन मीटर रेत की चोरी हो चुकी है। अब इन नदियों में रेत समाप्त हो गई है, लेकिन सोना बन चुकी इस रेत में अब वन विभाग के मैदानी कर्मचारी भी अघोषित रूप से शामिल हो गए हैं और वह वन भूमि में बहने वाली नदियों से रेत चोरी में सहयोगी बन बैठे हैं जिसके बलबूते तामिया रेंज की कुआं बादला, घट लिंगा सेहरा ढाना सर्किल की बीटों में में बहने वाली नदियों से रेत का अवैध उत्खनन जमकर हो रहा है।





इस क्षेत्र में बहने वाले नदी नालों की ओर जंगल के रास्ते रेत चोरी के वाहन पहुंच रहे हैं जिसके निशान नदियों के आसपास देखे जा सकते हैं। इस रेत चोरी में नाकेदार भी शामिल है जिसके प्रत्यक्ष उदाहरण है कि इन्होंने रेत के अवैध भंडारण करने के लिए ट्रैक्टर किराए से लेकर नदी से दिन में निजी खेत सड़क एवं राजस्व की भूमि मै रेत निकाल कर एकत्रित करते हैं और संध्या काल से रात भर रेत के वाहन से जंगल के रास्ते लेकर निकलते हैं जिससे नदियों का जलस्तर भी गड़बड़ा रहा है साथ ही वन्य प्राणी भी वाहनों की आवाजाही के शोर गुल से विचलित होते और भीषण गर्मी में पानी के लिए अन्यत्र भटक रहे जिस कारण पानी की तलाश में ग्रामीण क्षेत्र में कुत्तों का शिकार भी हो रहे हैं, लेकिन वन विभाग को कोई लेना-देना नहीं उन्हें तो केवल अवैध कमाई से मतलब है। इस तरह तामियां रेंज की उल्लेखित सर्कल में रेत का अवैध व्यवसाय जमकर फल पूरा है।

इस वन संपदा एवं वन अधिनियम का खुला उल्लंघन किया जा रहा है। जब कभी अधिकारियों से रेत के संबंध में जानकारी लेने चर्चा करो तो रटा रटाया जवाब राजस्व की भूमिका भूमि से रेत का अवैध उत्खनन बतलाकर पल्ला झाड़ लेते हैं। यदि वन अधिनियम के तहत 250 मीटर भी राजस्व की भूमि से उत्खनन किया जाता है तो वह पूर्णतया प्रतिबंधित है, लेकिन इस नियम से रेंजर से लेकर नाकेदार तक अंजान बने बैठे हुए हैं। उदाहरण के तौर पर घटलिंगा में स्कूल भवन बन रहा है उसमें जो रेत लग रही है उसकी पुष्टि पताशाजी कर की जा सकती है कि वह जंगल की नदियों से लाई गई है या नहीं वही सेहराढाना में भी एक स्कूल का भवन बन रहा है जिसमें रेत का उपयोग हो रहा है वह भी वन भूमि की नदियों से आ रही है। इसी तरह इन क्षेत्र में भवन निर्माण होना है उनमें भी रेत की जांच की जाए तो पता चलेगा कि रेत राजस्व की भूमि से है तो ढाई सौ मीटर की दूरी से लाई जा रही है। यह स्पष्ट हो जाएगा यदि ऐसी स्थिति है तो अनापत्ति वन विभाग से मिलने की दशा में रेत खदान स्वीकृत हो सकती है, लेकिन ऐसा करेगा कौन? जब रेत चोरी ही करवानी हो तो नियम कानून को दर किनार करना कितना आसान है। यह इन सर्किलों में देखा जा सकता है।

### परासिया, उमरेठ, शिवपुरी और पटपड़ा मंडल की तिरंगा यात्रा में शामिल हुए सांसद

## सेना के शौर्य, पराक्रम और वीरता पर हमें गर्व है: सांसद साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से हर भारतीय गौरवान्वित है। हमारी सेना के शौर्य, पराक्रम और वीरता पर हम सभी भारतीयों को गर्व है। सेना के जवान हम सभी के लिए सम्माननीय हैं और हम सदैव उनके कृतार्थ हैं। यह बात सांसद श्री बंटी विवेक साहू ने तिरंगा यात्रा के दौरान कही।

गौरतलब है कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद भाजपा के आह्वान पर तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। इसी तारतम्य में परासिया, उमरेठ, पटपड़ा और शिवपुरी मंडल में तिरंगा यात्रा निकाली गई। सबसे खास बात की दोपहर की चिलचिलाती धूप भी तिरंगा यात्रा में शामिल लोगों का उत्साह कम नहीं कर सकी। सांसद श्री साहू के साथ समाज सेवी, स्वयंसेवी, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, सदस्य, वरिष्ठ नागरिक, भाजपा कार्यकर्ता सहित आमजन भी हाथों में तिरंगा लिए पैदल चलते रहे। पैदल के अलावा बाइक से भी तिरंगा यात्रा निकाली गई। चारों मंडलों में तिरंगा यात्रा का समापन पर सभी जगह राष्ट्रगान का गायन हुआ।



सांसद बंटी विवेक साहू ने ''ऑपरेशन सिंदूर" की ऐतिहासिक सफलता के उपरांत निकाली जा रही तिरंगा यात्रा में शामिल होकर ग्राम मोर डोंगरी बाजार में स्थापित वीरांगना रानी दुर्गावती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शीश नवाया। कुण्डाली कला चौक से सांसद श्री साहू तिरंगा यात्रा लेकर मोरडोंगरी पहुंचे। यहा पटपड़ा मंडल की यात्रा का समापन हुआ। वही शिवपुरी मंडल की यात्रा ग्राम बीजागोरा से शुरू हुई। समापन ग्राम हर्रई में हुआ। उमरेठ में नगर में पैदल यात्रा निकाली गई। वही परासिया में तहसील कार्यालय के सामने से निकली पैदल तिरंगा यात्रा का समापन नगरपालिका कार्यालय के समक्ष किया गया। चारों यात्राओं के दौरान परासिया विधानसभा प्रभारी श्रीमती ज्योति डेहरिया साथ में रही। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष दविंदर बल्लू नागी, देवीलाल पाल, रामप्रसाद कुमरे, राकेश बेलवंशी, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय, रिजवान कुरैशी, विश्वेन्द्र सिंह बैस, रूपेन्द्र डेहरिया, सचिन कुशवाहा, मयूर सोनी, अब्दुल करीम शाह, संदीप सोनी, आशुतोष सिंह राजपूत, हेमंत महोबे, विकास साहू, कैलाश सोनी, विनोद सोनी, भीम पवार, रामकुमार सोनी, राजू पवार, मदन पवार, रोहित साहू,प्रिंस सोनी, निकलेश साहू, कमलेश धुर्वे आतिश ठाकरे, बॉबी रघुवंशी, प्रवीण सूर्यवंशी अंकुश जयसवाल, श्रीमती किरण शर्मा आदि मौजूद रहे।

## 16 मई को शाम 7 से 8 बजे के बीच कराई गई थी ब्लास्टिंग

# सुरक्षा और गाईड लाईन को ताक में रख काम करवा रहा प्रबंधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



पेंच कोयला प्रबंधन का कोयला कामगारों की सुरक्षा और खान सुरक्षा निदेशालय की गाईड लाईन से कोई सरोकार दिखाई नहीं पड़ता है , तभी तो कोयला खदानों में सुरक्षा और गाईड लाईन को ताक में रखकर काम कराया जा रहा है । जिसकी एक और बानगी छिंदा ओसीएम में देखने को मिली । पता चला है , कि यहां रात के अंधेरे में ब्लास्टिंग कराई गई । जो सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है , और गाईड लाईन के खिलाफ भी ।छिंदा ओसीएम में प्रबंधन के द्वारा व्यापक लापरवाही बरती जा रही है । सूत्रों से पता चला है , कि बीते शुक्रवार यानी कि 16 मई को शाम 7 से 8 बजे के बीच ब्लास्टिंग कराई गई , जबकि खान सुरक्षा निदेशालय के स्पष्ट निर्देश हैं , कि ब्लास्टिंग दिन के उजाले में ही कराना होगा , लेकिन प्रबंधन भला कहां इसकी परवाह कर रहा है , उसे तो बस कोयला उत्पादन का लक्ष्य पूरा कर अपने आकाओं की नजर में अच्छा दिखना हैं । भले ही इसके लिए कोयला कामगारों की सुरक्षा से खिलवाड़ करना पड़े , चाहे नियमों को ताक में रखना पड़ , वो सब करने पर अमादा है । बताया यह भी जा रहा है , कि ब्लास्टिंग से पूर्व ब्लास्टिंग एरिया में जाली लगाना होता है , कनवर बेल्ट और लोहे कि प्लेटे भी लगानी होती हैं , ताकि ब्लास्टिंग से जब कायले की चट्टानें टूटे तो उसके टुकड़े दूर तक न उछले , पर ये सावधानियां भी कतई नहीं बरती जा रही है । सूत्रों ने बताया , कि ब्लास्टिंग की घटना खदान परिसर में लगे कैमरों में कैद हुई हैं । इतना ही नहीं यह भी पता चला है , कि ब्लास्टिंग के लिए खदान के अंदर ट्रेक्टर से रेत भी पहुंचाई जाती है ।

### इनका कहना है

इस मामले में खान सुरक्षा निदेशक अल्ताफ हुसैन ने बताया कि उन्हें इस मामले उप क्षेत्रीय प्रबंधक से बात की तो , प्रबंधक ने 6 बजे से पहले ब्लास्टिंग कराया जाना बताया है । श्री हुसैन कहते हैं , कि प्रबंधन को दिन में चार बजे तक किसी भी हाल में ब्लास्टिंग करने की हिदायत दी गई है ।

# रीता मल्होत्रा बनी एनएमओपीएस महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष





हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

पांढुर्ना प्रांतीय अध्यक्ष परमानंद डहेरिया और प्रांतीय सचिव रमेश पाटिल द्वारा संगठन का विस्तार करते हुए एनएमओपी एस के जिला महिला प्रकोष्ठ का गठन कर रीता मल्होत्रा को अध्यक्ष मनोनीत किया है। इसके इंदुताई भुते को संयोजक एवं नंदिता धुर्वे महासचिव मनोनीत किया है। संघर्षशील शिक्षिकाओं को एनएमओपीएस जिला पांढर्ना की जिम्मेदारी मिलने पर नरेन्द्र बांबल, उमेश बिंझाड़े, सूर्यकीर्ति काले, जनार्दन खवसे, आनंद ढोके, जे .एस. उईके तथा चन्द्रशेखर सालबर्डे द्वारा शुभकामनाएं दी गई।

# सांसद के प्रयासों से रैपिडो बाइक सर्विस में युवाओं को मिलेगा रोजगार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

भारत में जाने माने राइड-हेलिंग प्लेटफार्म रैपिडो की सेवाओं का लाभ अब छिंदवाड़ा वासियों को मिल सकेगा। जिसका शुभारंभ रविवार को सांसद बंटी विवेक साहू ने सांसद कार्यालय में किया।

इस अवसर पर अपने संदेश में सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा चलाये जा रहे डिजिटल इंडिया की सुविधाओं का लाभ लोगों को मिल रहा है। इसके माध्यम से उत्पन्न होने वाले रोजगार से बेरोजगारी को कम करने में भी मदद मिली है। इसी के तहत हम छिंदवाड़ा शहर में रैपिडो के आगमन का हम स्वागत करते है। यह हमारे नागरिकों के लिए रोजमर्रा के सफर को बेहतर बनाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। शहरवासियों के लिए बढ़ती हुई आवागमन की जरूरतों के साथ ऐप आधारित परिवहन सेवाएं जहां लोगों के आवागमन को आसान बनाएगी वहीं सैंकड़ों युवाओं और युवतियों को रोजगार के अवसर देने में अहम भूमिका भी निभा सकती है। सांसद श्री साहू ने कहा कि लोगों को रैपिडो कैप्टन के तौर पर रजिस्टर होने का मौका देकर शहर के युवाओं के लिए कमाई के नये रास्ते खुल सकेंगे। साथ ही इससे युवाओं को उनके मुताबिक काम के जरिये आधारित आत्मनिर्भरता हासिल करने में मदद मिलेगी। रैपिडो के को-फाउंडर पवन गुंटुपल्ली ने बताया कि देश में जानी मानी राइड-हेलिंग ऐप रैपिडो ने अब तक देशभर में लगभग 90 लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार मिला है। रैपिडो हर दिन करीब 30 लाख से ज्यादा लोगों को अपनी सेवाएं प्रदान कर रही है।

# बारहबरियारी-धनौरा पुनर्वास बिजली फीडर चालू कराएं, अन्यथा होगा आंदोलनः वर्मा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जिला छिंदवाड़ा की जनपद पंचायत चौरई अंतर्गत बनाए गए माचागोरा पेंच बांध से प्रभावित जलमग्न गांव बारहबरियारी एवं धनोरा में पुनर्वास स्थापित किया गया है बिजली सब स्टेशन हिवरखेड़ी से पुनर्वास बारहबरियारी धनोरा को बिजली सप्लाई होती है जहां पुनर्वास के लिए 24 घंटे बिजली उपलब्ध करने को लेकर अलग से फिटर बनाया गया था जिसे बिगत दिनों से बंद कर दिया गया है।उक्त फिटर के बंद होने से प्रभावित ग्राम धनोरा बारहबरियारी के किसान आक्रोशित है आज दिनांक 18 मई दिन रविवार को सभी किसान लामबंद होकर सब स्टेशन हिवरखेड़ी पहुंच कर अपना विरोध दर्ज कराया धनोरा सरपंच परसराम वर्मा ने बताया कि पुनर्वास के लिए अलग से फिटर बनाया गया था बिजली विभाग के तानाशाही रवैया के कारण बनाया गया फिटर को काट कर भूला मोहगांव फितर में जोड़ दिया गया है बिजली ऑफिस में फोन करने पर बताया जाता है कि तार टूट गए है, लाइन के खंबे गिर गए है, लाइन परमिट में है भांति भांति के बहाने बताकर बिजली गोल कर दी जाती है, श्री वर्मा ने आगे बताया कि पुनर्वास में जहरीले सर्प घूमते है माचागोरा डैम के पानी में उत्पन्न होने वाले कीड़े पतंगे पुनर्वास में घुसते है मच्छरों का प्रकोप भारी मात्रा में है पुनर्वास में रहने वाले बच्चे बूढ़े रात भर नहीं सो पाते है बीमारी एवं सर्प डस से आए दिन मौतें हो रही है 3 दिन के अंदर पुनर्वास का फिटर चालू नहीं होने पर उग्र आंदोलन होगा जिसको समस्त प्रकार की जवाबदेही बिजली ऑफिस के अधिकारियों की होगी। ज्ञापन सौंपते समय धनोरा सरपंच परसराम वर्मा, राजेश सल्लाम, विजय मसराम, राजू कहार, सतीश , बलदाऊ वर्मा, सियाराम वर्मा, रंजीत वर्मा, सहदेव वर्मा, भरोसा वर्मा, रामकोमल वर्मा, राजकुमार वर्मा, मरघू पटेल, रामावतार वर्मा, राजेंद्र वर्मा, प्रदुम वर्मा आदि मौजूद रहे।



# कांग्रेस ने भाजपा मंत्री शाह व उपमुख्यमंत्री देवड़ा का जलाया पुतला

**दमुआ।** ब्लॉक कांग्रेस एवं नगर कांग्रेस कमेटी दमुआ द्वारा आज इंदिरा चौक पर भाजपा मंत्री विजय शाह एवं उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा का पुतला दहन किया गया जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित श्री भोलू सिंह ठाकुर,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्री सुभाष गुलवाके, पूर्व जनपद अध्यक्ष राजेंद्र उईके,जामई पर्यवेक्षक छोटू पाठक पूर्व नगर अध्यक्ष राजू सोलंकी,संग्राम सिंह ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नीटू गांधी,नगर कांग्रेस अध्यक्ष राजेश नागले, धर्मेश श्रीवास्तव,नंदू साहू मनोज ठाकुर,कमलेश रसिया, शौकत भाई, शकील राइन,नवीन राय,वीरेंद्र मोर्य,हामिद खान, हामिद भाई, कृष्णकांत चौरसे,बादर खान, गोल्डी गांधी,सीटू गांधी इरशाद खान,दुर्गेश भाई,बिट्टू सूर्यवंशी, लोकेश डेहरिया,सोनू डेहरिया अनु सोलंकी,कादिर अली,प्रकाश बावरकर,कैलाश गुलवाके, अमरनाथ सूर्यवंशी,विनय सतनकर,अमित बरवड़े,अखिल भाई,नदीम भाई,मुनि वर्मा,राजेश कहार,मोहन सती भोपा,जावेद खान,अनु बिस्सांद्रे,पंकज नागले, सुल्तान कादरी, रमेश ताईवाड़े मन्ना नागले,सलीम खान,गुड्डू बिशंद्रे,मानु भाई विनोद पंडोले, शरद श्रीवास्तव,अशोक सोनिया, डॉ मदन सिंह,राजेंद्र सिंह ठाकुर शेखर श्रीवास्तव राजेश धुर्वे,अंश भाई,धांसू जी,जगपाल भैया, कमलेश भैया, आदि ने सम्मिलित होकर के भारतीय सेना के सम्मान में भाजपा मंत्रियों का पुतला दहन कर नारेबाजी की।

## शिक्षकों की समस्याओं का समाधान

# लाँजी में 19 से 28 मई तक विशेष शिविर, 30 तक सभी मुद्दों का होगा निराकरण




हरिभूमि न्यूज लाँजी ।

लाँजी में शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उत्कृष्ट स्कूल लाँजी में यह शिविर 19 से 28 मई तक चलेगा। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्रमोद भीमटे के अनुसार, शिविर में सभी संकुल के शिक्षकों एवं लिपिको की समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। बी.आर.सी.सिवेन्द्र ऊके और समस्त प्रचार्यों की टीम इस आयोजन का संचालन करेगी। शिविर में शिक्षकों के वेतन, क्रम उन्नति, पदोन्नति और बकाया भुगतान से जुड़ी समस्याओं पर ध्यान दिया जाएगा। सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लंबित भुगतान की समस्याएं भी हल की जाएंगी। यह शिविर लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के निर्देश पर आयोजित किया जा रहा है। समस्याओं के समाधान के लिए स्तरवार कार्यक्रम बनाया गया है। संकुल स्तर की समस्याएं स्थानीय स्तर पर हल की जाएंगी। ब्लॉक स्तर की समस्याओं का निराकरण 29 मई तक पूरा होगा। जिला स्तर की समस्याएं 26 मई को और संभाग स्तर की 28 मई को सुलझाई जाएंगी।सभी लंबित समस्याओं का समाधान 30 मई तक राज्य स्तर पर कर दिया जाएगा।

## थाने से महज 150 मीटर की दूरी पर हुई सभी वारदात

# कटंगी शहर में एक ही रात में तीन दुकानों के टूटे ताले




**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** शनिवार-रविवार की दरमियानी रात्रि कटंगी शहर के गुजरी चौक की कच्छी लाइन में तीन दुकानों के ताले टूटे हैं. अज्ञात चोरों ने जिन दुकानों में सेंध लगाई है उनमें दो किराना दुकान और एक बर्तन दुकान शामिल है. अज्ञात चोरों ने दुकान से रखी नगदी रकम पर हाथ साफ किया है. दुकानदारों को दुकान में चोरी होने की जानकारी रविवार की सुबह करीब 6 बजे पता चली. जिसके बाद सभी दुकानदार दौड़कर अपनी दुकान की तरफ आए और पुलिस को दुकान में चोरी होने की सूचना दी. चोरी की वारदातों से पुलिस की गश्ती पर भी सवाल उठाए जाने लगे है। दरअसल चोरी की यह सभी वारदातें थाने से महज 150 मीटर की दूरी पर हुई है. दुकानदारों ने पुलिस थाने में चोरी की शिकायत दर्ज करवाई है जिसके बाद पुलिस अज्ञात चोरों की पतासाजी करने में जुट गई है. प्राप्त जानकारी अनुसार अज्ञात चोरों ने सुभाष रंगलानी की रंगलानी स्टील स्टोर, सरफराज खान की एस.के. किराना और मोहम्मद एजाज की इकबाल रज्जाक किराना स्टोर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया है. दुकानदारों से चोरी की वारदात के संबंध में चर्चा की दुकानदारों ने बताया कि चोरों ने नगदी रकम पर हाथ साफ किया है. हो सकता है कि चोरों ने दुकान से चिल्लर सामान भी चोरी किया हो लेकिन इसकी पुष्टि नहीं की जा सकती. चोरी की यह वारदातें पुलिस को चुनौती देने का काम कर रही है. अब चोरों को पकड़कर पुलिस को यह साबित करना होगा कि वह चोरी की वारदातों से निपटने के लिए तैयार है. वरना, पुलिस पर जनता का जो विश्वास है वह समाप्त हो जाएगा।

**सभी दुकानों से नगदी रकम चोरीः** दुकानदारों ने बताया कि प्रतिदिन की तरह शनिवार की रात्रि अलग-अलग वक्त पर दुकान बंद की और घर चले गए. मोहम्मद एजाज ने बताया कि उन्होंने रात्रि में साढ़े 10 बजे के बाद दुकान बंद की. सरफराज खान भी बताते है कि उन्होंने भी रात में 10 बजे दुकान बंद की और सुभाष रंगलानी ने साढ़े 08 बजे दुकान बंद कर दी थी. जिसके बाद सभी अपने घर चले गए आज सुबह सभी को दुकान में चोरी की जानकारी मिली. अज्ञात चोरों ने दुकान के सामने का शटर तोड़कर दुकान में प्रवेश किया और चोरी की वारदात को अंजाम दिया है. अज्ञात चोरों ने मोहम्मद एजाज की दुकान से करीब 08 से 10 हजार रुपए की नगदी रकम चोरी की. सरफराज खान की दुकान से तकरीबन 07 से 08 हजार रुपए का कैश गायब है. सुभाष रंगलानी की बर्तन दुकान से साढ़े 03 हजार से 04 हजार रुपए के नगदी रकम की चोरी की है।

कटंगी शहर में प्रमुख मार्गों पर नगर परिषद के द्वारा लगाए गए सभी सीसीटीवी कैमरे बंद पड़े है. जिस कारण चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले चोरों का आसानी से पता करने में पुलिस को काफी परेशानी होती है. जैसा कि इन वारदातों के बाद पुलिस अलग-अलग स्थानों के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि चोरों की पहचान की जा सके. बता दें कि चोरों ने रंगलानी स्टील स्टोर में भी वारदात को अंजाम दिया यहां पर लगे भी सीसीटीवी कैमरे बंद पड़े थे. नगर में बंद पड़े सीसीटीवी कैमरों को शुरू कराने की बात गत माह शांति समिति की बैठक के दौरान भी उठाई गई थी तब नगर परिषद सीएमओ ने शीघ्र ही सीसीटीवी कैमरों को चालू करवाने का भरोसा दिया था लेकिन तब से लेकर आज तक सीसीटीवी कैमरे चालू नहीं हो पाए है।

## घटना ग्राम मुरझड़ के कृषि महाविद्यालय के सामने की

# तेज रफ्तार यात्री बस की टक्कर से 40 वर्षीय युवक की मौत



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** 17 मई की रात्रि लगभग 10 बजे एक तेज रफ्तार यात्री बस के चालक ने बाईक सवार एक 40 वर्षीय युवक को सीधे टक्कर मार कर उसे मौत के मुँह में सुला दिया, इसके साथ ही उसके दो छोटे-छोटे बच्चों को भी अनाथ कर दिया।

मामला वारासिवनी थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत मुरझड़ में स्थित कृषि महाविद्यालय मुरझड़ के सामने का हैं। 17 मई की रात्रि लगभग पौने 10 बजे नंदन ट्रेवल्स की बस क्रमांक एमपी 22 पी 5101 वारासिवनी बस स्टैंड से इंदौर जाने के लिए निकली थी। तेज रफ्तार बस का एक साईड का लाईट बंद था और वह एक लाईट पर ही चल रही थी। वहीं ग्राम लालपुर निवासी वीरेन्द्र पिता रामप्रसाद मोरकुरे 40 वर्ष लालबर्रा के पास स्थित नयाटोला में अपने रिश्तेदार के घर के रिसेप्शन में भाग लेकर बाईक से वापस लौट रहा था। जब वह कृषि महाविद्यालय मुरझड़ के पास पहुँचा, उसी समय वारासिवनी की ओर से आ रही तेज रफ्तार नंदन ट्रेवल्स की यात्री बस के चालक ने लापरवाहीपूर्वक बस चलाते हुए उसकी बाईक को टक्कर मार दी। जिससे युवक वीरेन्द्र की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं चालक बस को लेकर फरार हो गया था। लेकिन उसे ग्राम नेवरगॉव के पास रोक लिया गया। इस बीच एक शादी के रिसेप्शन से वापस लौट रहे ग्राम सिकन्द्रा के पूर्व सरपंच राजकुमार चौधरी ने इस घटना को देखा, तो उन्होंने तत्काल 100 डायल पर घटना की सूचना दी।

# ऑपरेशन सिन्दूर की तरह ही हो ऑपरेशन जिहाद - स्वामी स्वदेशानंद ब्रह्म गिरि

## तीस वर्षों के अन्तराल में बार- बार पाकिस्तान जाने-आने वालों से कड़ी पूछताछ की जाए

हरिभूमि न्यूज उकवा।



ऑपरेशन सिन्दूर से विश्व में भारत का सम्मान बढ़ा है। भारत की सेना ने आदम साहस और शौर्य का जो पूरे विश्व में परिचय दिया जिससे भारत की ताकत का विश्व ने लोहा माना है। मोदी जी के नेतृत्व में भारत हर दृष्टि से ताकतवर होता जा रहा है। ये पूरी दुनिया ने देख लिया है।ऑपरेशन सिन्दूर के बाद किसी भी दुश्मन की हिम्मत नही है कि ओ भारत की ओर आंख उठाकर भी देख सके। अंतर्राष्ट्रीय सन्त बौद्धिक मंच के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी स्वदेशानंद ब्रह्म गिरि महाराज ने भारत सरकार का ध्यान जिहादियों की ओर आकर्षित करते हुवे कहा कि जिस तरह आतंकवादियों का सफाया करने ऑपरेशन सिन्दूर चलाकर आतंकवादियों के घर में घुसकर आतंकवादियों का सफाया किया गया है । उसी प्रकार अगामी समय में देश को सुरक्षित रखने के लिए ऑपरेशन जिहाद चलाए जिससे जो भी घुसपैठिए छल कपट से भारत में घुसकर भारत की अंदरूनी जानकारी दुश्मन देशों को पहुंचाने का काम कर रहें उन्हें धर दबोच कर उनका भी खात्मा किया जा सके। स्वामी स्वदेशानंद ब्रह्म गिरि महाराज ने बताया कि विगत 30/35 वर्षों से बांग्लादेशी एवं पाकिस्तानी घुसपैठि भारत में छल कपट से शरण लेकर अन्दर ही अन्दर भारत को कमजोर करने में लगे हुवे हैं। आपने बताया कि विगत कुछ वर्षों से घुसपैठिए भारत में घुसकर गाँव में मोटर साइकिल से कपड़े बेचने, कुछ लोग बाल के बदले बर्तन देने, कुछ लोग गांवों में किसानी का औजार बनाने, कुछ लोग अनेकों प्रकार के आचार बनाकर बेचने के नाम पर, कुछ लोग कबाड़ी खरीदने के नाम पर, कुछ लोग काजू - बादाम बेचने के नाम पर गांव में घूम रहे हैं। इतने सारे लोग गांवों में कहां से और कैसे आए इसकी सूक्ष्मता से जाँच होनी चाहिए। स्वामी स्वदेशानंद गिरि ने कहा कि अगामी समय में देश को सुरक्षित रखने के लिए ये भी जॉच करना जरूरी है कि पाकिस्तान और बांग्लादेश से विगत 30/35 वर्षों से कौन - कौन बार - बार भारत आना जाना कर रहा है। और कौन कौन लोग भारत से बार - बार पाकिस्तान आना जाना कर रहें हैं। इनकी भी सूक्ष्मता से जॉच होनी चाहिए कि ये बार - बार क्यों आना जाना कर रहें हैं। क्योंकि पाकिस्तान के रगो में छल कपट है। पाकिस्तान की औकात नही है कि ओ सीधे भारत से लड़ सके इसलिए छल कपट से भारत को कमजोर करने का घृणित प्रयास कर सकता है। ऑपरेशन सिन्दूर की तरह ही ऑपरेशन जिहाद होना जरूरी है। जिससे हमारी भारत माता अनन्त काल तक सुरक्षित रह सके।

# विधायक ने 500 प्रतिभावान विद्यार्थियों व 45 प्राचार्यों का शाल श्रीफल से किया सम्मान

## कक्षा 10 वीं व 12 वीं में 85 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विधानसभा क्षेत्र के विद्यार्थियों का किया सम्मान




**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा वर्ष 2024-25 में आयोजित कक्षा दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में वारासिवनी-खैरलाँजी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली निजी, शासकीय हाई व हायर सेकेंडरी स्कूल में अध्ययनरत विद्यार्थियों में से 85 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित करने के लिए विधायक विवेक पटेल द्वारा स्थानीय जनसम्पर्क कार्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में विधानसभा क्षेत्र के 500 से अधिक विद्यार्थियों को शील्ड, ट्रॉफी, बैग व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

विधायक बनने के बाद विवेक विक्की पटेल ने पहली बार पिछले वर्ष लगभग 300 से अधिक छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया था। इस वर्ष भी उनके द्वारा 10 वीं व 12 वीं में 85 प्रतिशत या उससे अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया और उनका उत्साह बढ़ाने में प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक ऐतिहासिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। इस कार्यक्रम में सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों उनके पालकों व उसमें शामिल होने वाले नागरिकों ने इसे एक अभूतपूर्व पहल बताते हुए कहा कि ऐसा कार्यक्रम इसके पहले कभी किसी विधायक या जनप्रतिनिधि ने नहीं किया और ना ही किसी सामाजिक संस्था द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है और वह आगे की पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित हुए हैं।

इस मौके पर विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा आयोजित कक्षा 10 वीं और 12 वीं की परीक्षा में वारासिवनी-खैरलाँजी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न निजी व शासकीय शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों ने अभूतपूर्व सफलता हासिल कर विधानसभा का नाम रोशन किया हैं। इसे देखने के बाद हमारे मन में विचार आया कि क्यों ना इन सभी विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनकी हौसला अफजाई किया जाए, जिससे भविष्य में यह बच्चे और अच्छे से पढ़ाई कर विधानसभा क्षेत्र का नाम प्रदेश ही नही पूरे देश में भी रोशन करे।

विधायक विवेक पटेल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जो विद्यार्थी दसवीं से 11 वीं और जो 12 वीं से कॉलेज में जा रहे हैं, वह सभी विद्यार्थी अपना एक लक्ष्य निर्धारित करें। जिससे उन्हें पढ़ाई के समय किसी भी प्रकार के बोझ का अनुभव न हो और वह पूरे मन से अपनी पढ़ाई कर सके। आज बायो, इंजीनियर सहित अन्य सभी विषयों में अच्छे अवसर हैं, लेकिन बिना लक्ष्य निर्धारित किए किसी भी विषय का चयन करने में सावधानी बरते और अच्छी पढ़ाई कर अपने माता-पिता का नाम रोशन करे।

# जिले में बिना किसी पंजीयन व जांच के चल रहीं प्राइवेट एंबुलेंस, वसूल रहे मनमाना किराया

**स्वास्थ्य विभाग के पास इन एंबुलेंस की कोई जानकारी नहीं है, और न ही किसी प्रकार की कोई निगरानी व्यवस्था है। इसका फायदा उठाकर निजी एंबुलेंस संचालक मरीजों व परिजनों से ज्यादा राशि वसूल रहे हैं।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।


फाईल फोटो

जिले में प्राइवेट एंबुलेंस का कारोबार तेजी से बढ़ता जा रहा है। जिला अस्पताल के पास और अन्य निजी अस्पतालों के पास दर्जनों प्राइवेट एंबुलेंस बिना किसी पंजीयन और जांच के चल रहीं हैं। इस मामले में सबसे बड़ी समस्या यह है कि स्वास्थ्य विभाग के पास इन एंबुलेंस की कोई जानकारी नहीं है, और न ही किसी प्रकार की कोई निगरानी व्यवस्था है। इसका फायदा उठाकर निजी एंबुलेंस संचालक मरीजों व परिजनों से ज्यादा राशि वसूल रहे हैं।

### निजी एंबुलेंस का कारोबार बढ़ा

सूत्रो ने बताया कि शहर में ही 50 से अधिक निजी एंबुलेंस चल रही हैं, जो मरीजों से मनमाने तरीके से फीस वसूलती हैं। इनमें से अधिकतर एंबुलेंस में ना तो वैध दस्तावेज होते हैं और ना ही चिकित्सा उपकरण और सेवाएं सही ढंग से उपलब्ध होती हैं। मरीजों के परिजनों से ये एंबुलेंस संचालक मनमानी फीस लेते हैं, जो कहीं न कहीं स्वास्थ्य सेवाओं में कमी और मरीजों के लिए असुविधा का कारण बन रहा है।

### कमीशन का नेटवर्क

इन निजी एंबुलेंस संचालकों के द्वारा कमीशन के तौर पर भी भारी राशि वसूल की जाती है। झांसी रेफर होने वाले मरीजों से एंबुलेंस संचालक 30 प्रतिशत तक कमीशन लेते हैं और मरीजों को ऐसे डॉक्टरों के पास भेजते हैं जिनकी सेटिंग उनके साथ होती है। इस खेल से मरीज और उनके परिजन दोनों ही परेशान हो रहे हैं, जबकि इन एंबुलेंसों में जरूरी चिकित्सा उपकरण और सुविधाएं भी नहीं होती हैं।

# शादी समारोह से लौट रहे तीन युवकों में से एक की मौत, दो घायल

घंसौर थाना क्षेत्र के कटिया गांव में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। पिंडरई से पड़रिया गांव में शादी समारोह से लौट रहे तीन युवक बाइक से जा रहे थे। कटिया गांव के पास बाइक अनियंत्रित होकर एक मकान की दीवार से टकरा गई। हादसे में 32 वर्षीय आशीष धुर्वे की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक पर सवार अन्य दो युवक 25 वर्षीय संत कुमार उइके और 30 वर्षीय अजय कुमार धुर्वे घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घंसौर थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह झारिया ने बताया कि हादसे की जांच की जा रही है। दुर्घटना स्थल पर आमतौर पर लोगों और वाहनों की आवाजाही अधिक रहती है। घटना के समय वहां कोई नहीं था, अन्यथा बड़ा हो सकता था।



### घंसौर में ट्रैक्टर ने राहगीर को टक्कर मारी, युवक घायल

सिवनी जिले के घंसौर में खेरमाई मंदिर के पास सुबह एक सड़क हादसा हुआ। मवई निवासी धुरी लाल बरकड़े (35) किसी काम से घंसौर आए थे। वह खेरमाई मंदिर के पास से पैदल जा रहे थे, तभी एक ट्रैक्टर ने उन्हें टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने तुरंत पुलिस और 108 एंबुलेंस को सूचना दी। घायल धुरी लाल को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। घंसौर थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह झारिया ने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंच गई है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि दुर्घटना कैसे हुई।

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन आई. टी. आई. बरघाट में 21 मई को

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला रोजगार अधिकारी द्वारा बताया गया कि कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशानुसार जिला रोजगार कार्यालय सिवनी, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सिवनी एवं शासकीय आई.टी.आई. सिवनी के संयुक्त तत्वाधान में शिक्षित बेरोजगार युवकों- युवतियों को निजी क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार में संलग्न किये जाने के उद्देश्य से दिनांक 21 मई 2025 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक शासकीय आई. टी. आई. बरघाट में युवा संगम कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा हैं। जिसमें देश एवं प्रदेश की विभिन्न कंपनी द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जायेंगे। नियोजकों द्वारा ट्रेनी, मशीन ऑपरेटर, सुरक्षा गार्ड, सुपरवाइजर, बीमा एजेंट, सेल्स एक्सिकेटिव, कॉल सेन्टर, ऑपरेटर आदि पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि ऐसे इच्छुक आवेदक जिनकी आयु सीमा 18 वर्ष से 35 वर्ष हो एवं कक्षा 8 वीं, 10 वीं, 12 वी, आईटीआई तथा स्नातक तक उत्तीर्ण हों। वह अपने समस्त प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन, अंकसूची, दो पासपोर्ट साइज की फोटो लेकर रोजगार मेले में सहभागिता कर सकते हैं। आयोजित मेले में किसी भी प्रकार का कोई मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

### पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत आवेदन आमंत्रित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा बताया गया कि पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत एमपीटास पोर्टल पर शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिये नवीन/नवीनीकरण आवेदन 31 मई 2025 तक निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि इच्छुक विद्यार्थी समय-सीमा में एमपीटास पोर्टल पर अपना आवेदन कर सकते हैं।

# प्रेसीडेन्ट इन कॉन्सिल के गठन पर हाईकोर्ट का स्थगन आदेश

**नगर पालिका परिषद सिवनी में गत दिवस 08 मई को राज्य शासन से जारी आदेश के अनुसार शहर के सीव्ही रमन वार्ड के पार्षद ज्ञानचंद सनोड़िया को आगामी आदेश तक अध्यक्ष नियुक्त किया है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

वहीं सूत्रों की माने तो पूर्व अध्यक्ष शफीक खान शासन के आदेश के विरुद्ध उच्च न्यायालय की शरण ले ली है, जहां गत दिवस 9 तारीख को हाइकोर्ट ने पूर्व अध्यक्ष के पक्ष में यथास्थिति का आदेश दिया था। पदभार ग्रहण करने बाद नगर पालिका के अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोड़िया ने पीआईसी का गठन करते हुए 07 समिति के सभापति नियुक्त किए हैं। जिसमें सामान्य प्रशासन विभाग का सभापति विजय गोलू पंडित, जलकार्य तथा सीवरेज विभाग में जीतू तरूण श्रीवास, लोक निर्माण विभाग, उद्यान विद्युत एवं यांत्रिकी विभाग में रविशंकर भांगरे, राजस्व वित्त एवं लेखा विभाग में साक्षी डागोरिया, स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग में राजश्री संदेश बादशाह, योजना यातायात परिवहन एवं सूचना प्रोद्योगिकी विभाग में अनुसुइया पटवा, शहरी गरीबी उपशयन विभाग में रामकुमारी बरमैया को सभापति बनाया गया। वहीं 14 मई 2025 को अध्यक्ष द्वारा पीआईसी संबंधित पारित आदेश को माननीय हाइकोर्ट ने स्टे कर दिया है। क्योंकि 9 मई को हाइकोर्ट ने पूर्व अध्यक्ष के पक्ष में यथास्थिति का आदेश दिया था। शनिवार को सुनवाई के दौरान उनके द्वारा एक स्टे आवेदन पेश कर वर्तमान अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया द्वारा पीआईसी गठन को लेकर 14 मई को जारी आदेश पर रोक लगाने की मांग की थी। जहां न्यायालय ने संज्ञान लेते हुए स्थगन दिया तथा अंतिम सुनवाई 26 जून 2025 नियत की है।

# जिला कांग्रेस ने मनाई वरिष्ठ कॉंग्रेसी नेता स्व. बुआ विमला की पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



17 मई 2025 को वरिष्ठ कॉंग्रेस नेता, सिवनी जिले को विकास की गति देने वाली पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व. विमला वर्मा जी की पुण्यतिथि इंदिरा भवन, कार्यालय जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी में मनाई गई, स्व. बुआ विमला वर्मा जी की प्रतिमा पर जेपीएस तिवारी द्वारा माल्यार्पण किया गया एवं दीप प्रज्वलित श्रीमती गीता सिंह ठाकुर ने किया, तत्पश्चात उपस्थित कॉंग्रेस जनों ने पुष्प अर्पीत कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर बरघाट के पूर्व विधायक अर्जुनसिंह काकोडिया, प्रवक्ता, जेपीएस तिवारी, जिला कांग्रेस संगठन मंत्री एड़ पंकज शर्मा, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष ब्रजेशसिंह लल्लू बघेल, विष्णु करोसिया, मोहम्मद असलम खान, घनश्याम सनोडिया, श्रीमती गीता सिंह ठाकुर, एड़ श्याम डहेरिया, गिडियन टी सिंह, विनोद यादव, गेंदलाल भलावी, राजिक अकील, राजेश मानाठाकुर, विपिन यादव, एड़ पंकज बाउसकर, रमानसिंह बघेल, महमूद भाई, नब्बू भाई, टिकेन्द्र देशमुख, जयप्रकाशसिंह परिहार, शक्ति सिंह जाडेज़ा, देवधर सक्सेना, राजकुमार ठाकुर, धनंजयसिंह, अभिमन्यु काकोडिया, एड़ मिर्जा फेसल बेग, अभिषेक तिवारी, दुर्गेश बहारे, साकेत नेमा, मनीष अग्रवाल, आबिद हुसैन, कफील खान, जयप्रकाश यादव, रहीम शाह, हर्षित रघुवंशी, माधव तिरैया, अंकुश कांड्रा, अंकित जावरे, उपस्थित रहें।

# स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विद्यार्थी कर सकेंगे टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी ऑपरेशन कोर्स

## महाविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया हुई शुरू, 30 मई तक होंगे पहले चरण के आनालइन पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

महाविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और पहले चरण के तहत ऑनलाइन पंजीयन 30 मई तक होंगे, इसके लिए महाविद्यालयों में हेल्प डेस्क भी बनाए गए हैं।

शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के सहयोग से शैक्षणिक सत्र 2025-26 से अप्रेंटिसशिप एम्बेडेड डिग्री प्रोग्राम के तहत (छात्र डिग्री के साथ-साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्राप्त कर सकेंगे) बीए इन टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी ऑपरेशन कोर्स की शुरुआत हो रही है। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत युवाओं को कौशल आधारित एवं रोजगारोन्मुखी उच्च शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से की जा रही है। इन पाठ्यक्रमों की विशेषता यह है कि विद्यार्थियों को स्नातक की पढ़ाई के अंतिम वर्ष में 6 से 12 महीने का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसमें उन्हें न्यूनतम 8000 रुपए भत्ता प्रतिमाह मिलेगा। इस कोर्स में लिए 30 सीटें हैं। प्राचार्य डॉ. एमएल सोनी ने बताया कि अप्रेंटिसशिप एम्बेडेड डिग्री प्रोग्राम के माध्यम से विद्यार्थियों को उनकी रुचि के क्षेत्र में अनुभव प्राप्त होगा और उन्हें स्नातक की डिग्री के साथ-साथ रोजगार की बेहतर संभावनाएं भी मिलेंगी। युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बीए में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी इस कोर्स के लिए आवेदन कर सकते हैं।

### पारंपरिक कोर्सों में नहीं है ज्यादा रुचि

बीए, बीएससी, बी कॉम जैसे कोर्सों में विद्यार्थियों की रुचि कम होती जा रही है, जिससे हर वर्ष महाविद्यालयों की सीटें नहीं भर रही हैं। पांच-पांच चरणों में प्रवेश प्रक्रिया होने के बाद भी सीट खाली रहती हैं। विद्यार्थी तकनीकी और रोजगारोन्मुखी शिक्षा पसंद कर रहे हैं।

### श्रमोदय आदर्श आई.टी.आई. में प्रवेश प्रारंभ

श्रमोदय आदर्श आई.टी.आई. भोपाल में संचालित 8 ट्रेडों में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। प्रवेश प्रक्रिया कौशल विकास विभाग के डीएसडी पोर्टल पर होगी। नए सत्र के लिए आवेदक www.dsd.mp.gov.in पर पंजीयन 31 मई 2025 तक कर सकते है। इस संस्था में संचालित ट्रेड तकनीशियन मेकाट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रीशियन, सीएनसी मशीनिंग तकनीशियन, सिविल इंजीनियरिंग असिस्टेंट दो वर्षीय पाठ्यक्रम है। इसी प्रकार फैशन डिजाइन एण्ड टेक्नोलॉजी, इंटीरियर डिजाईन एण्ड डेकोरेशन, आईओटी स्मार्ट सिटी, वेल्डर एक वर्षीय पाठ्यक्रम है। इन व्यवसायों में वेल्डर के लिए प्रवेश योग्यता आठवीं उत्तीर्ण है। शेष सभी सात पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए दसवीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के पंजीकृत श्रमिक्त एवं उनके आश्रित परिवार के सदस्य श्रमोदय आदर्श आई.टी.आई. में एक वर्षीय एवं दो वर्षीय व्यवसाय में निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं।

### पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के 100 से अधिक छात्र- छात्राओं एक वर्ष में विभिन्न कम्पनियों में हुआ प्लेसमेंट

**अन्य छात्र-छात्राएं भी काउंसलिंग में शामिल होकर ले सकते हैं प्रवेश**

शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय सिवनी में विगत 6 मई 2025 को सुब्रोस लिमिटेड नोएडा एवं सिएट टायर्स लिमिटेड नागपुर द्वारा संस्था के छात्र छात्राओं हेतु कैंपस रिक्रूटमेंट का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कंपनी के एचआर मैनेजर द्वारा कंपनी के संबंध में प्री प्लेसमेंट जानकारी दी गई, तदोपरांत ऑनलाइन टेस्ट, साइकोलॉजिकल टेस्ट एवं इंटरव्यू के पश्चात अंतिम चरण सूची जारी की गई, जिसमें सुब्रोस लिमिटेड में 50 छात्र छात्राओं का 2.44 लाख प्रति वर्ष के पैकेज पर चयन किया गया एवं सिएट टायर्स लिमिटेड में 25 छात्र छात्राओं का 2.2 लाख प्रति वर्ष के पैकेज पर चयन किया गया। इसी वर्ष पूर्व में संस्था के दो छात्रों का चयन मारुति सुजुकी लिमिटेड में 4.75 लाख प्रति वर्ष के पैकेज पर, एलएन्डटी में दो छात्रों का 2.5 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर तथा सिग्मा पुणे में 64 छात्रों का 2.32 लाख प्रति वर्ष के पैकेज पर हो चुका है। संस्था प्राचार्य श्री एस के आड़े ने समस्त चयनित छात्र छात्राओं को बधाई दी एवं बताया कि नवीन सत्र 2025 26 हेतु शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय सिवनी में डिप्लोमा प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु जिले के छात्र छात्राओं को ऑनलाइन पंजीयन करने हेतु संस्था में निशुल्क पंजीयन एवं मार्गदर्शन की सुविधा प्रातः 10:30 से 5:30 बजे तक उपलब्ध है। पंजीयन की अंतिम तिथि 1 जून 2025 है, अतः 10 वीं कक्षा उत्तीर्ण छात्र छात्राएं शीघ्र पंजीयन कराकर तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में अपने भविष्य को उज्जवल बना सकते हैं।

# छपारा पुलिस द्वारा अंधे हत्याकांड का किया खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

**दिनांक 13.05.2025 को फरियादी सन्तू सैयाम पिता साहूलाल सैयाम उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम मुरझोर थाना छपारा ने रिपोर्ट किया कि इसके छोटे भाई मृतक सन्तराम सैयाम पिता साहूलाल सैयाम उम्र 35 वर्ष निवासी मुरझोर थाना छपारा का शव ग्राम मुरझोर रामकुमार कोष्टा के खेत में शव पडा है जिसके गले में पीले रंग का गमछा कसकर बंधा हुआ है कि रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर जाँच की गई।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

जाँच पर किसी अज्ञात व्यक्ति व्दारा गमछा से मृतक संतराम सैयाम का गला दबाकर हत्या करना पाया जाने से अपराध क्रमांक 210/2025 धारा-103(1) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। यह कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता द्वारा द्वारा तत्काल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस लखनादौन के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर मामले के अज्ञात आरोपी की तलाश कर मामले का निराकरण करने हेतु आदेशित किया गया।

पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में छपारा पुलिस टीम द्वारा विवेचना दौरान आये साक्ष्यों आधार पर संदेही विजय यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। जिसने घटना दिनांक को मृतक संतराम के साथ शराब पीना एवं दोनो का विवाद होने से गमछा से मृतक संतराम सैयाम का गला घोंटकर हत्या कर मृतक की लाश को खेत के दूसरे तरफ लाकर मेढ के किनारे रखना बताया। मामले में धारा 238 BNS एवं 3(2)V SC/ST Act. बढायी जाकर आरोपी विजय यादव को दिनांक 17.05.2024 को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है।

गिरफ्तार आरोपी विजय यादव पिता जीवनलाल यादव उम्र 24 साल निवासी तकिया वार्ड छपारा थाना छपारा सराहनीय कार्य - निरीक्षक खेमेन्द्र कुमार जैतवार, सउनि बी. एस. प्रजापति, मंगलदास गोनेकर, प्रआर जयेन्द्र बघेल, विनोद कुमार बघेल, देवीसिंह रघुवंशी, आर रामनरेश कैथवास, रवि बहेटवार, आशीष चौहान, रतिभानशा इवनाती, गौरीशंकर परते।

# विवाहः कुछ ही मुहूर्त शेष, आठ जून से 145 दिन के लिए विराम

**14 अप्रेल से आरम्भ हुए विवाह समारोहों पर आठ जून से 145 दिन के लिए फिर से विराम लग जाएगा। 12 जून को गुरु ग्रह अस्त हो जाएंगे। 14 अप्रेल से आरम्भ हुए विवाह समारोहों पर आठ जून से 145 दिन के लिए फिर से विराम लग जाएगा।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



12 जून को गुरु ग्रह अस्त हो जाएंगे। ऐसे में मान्यतानुसार गुरु ग्रह के उदय होने तक फिर विवाह नहीं होंगे। जून में अंतिम विवाह मुहूर्त 8 जून को है। गुरु ग्रह 9 जुलाई तक अस्त रहेंगे। वहीं, 6 जुलाई देवशयनी एकादशी से चातुर्मास प्रारंभ हो जाएगा। इस कारण जुलाई से 1 नवंबर तक विवाह मुहूर्त नहीं रहेंगे। इस तरह 8 जून से 1 नवम्बर के बीच विवाह समारोहों पर विराम रहेगा। 8 जून तक महज 13 दिन ही विवाह मुहूर्त बचे हैं। इसे देखते हुए विवाह स्थलों की बुकिंग तेज हो गई है।

### मई में आठ जून में पांच

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार मई में 22, 23, 24, 27 और 28 मई को विवाह होंगे। वहीं जून में महज 5 दिन ही विवाह के मुहूर्त बाकी हैं। 2, 4 , 5, 7 व 8 जून को ये मुहूर्त हैं। इस तरह इस सीजन में अब 13 विवाह मुहूर्त बचे हैं।

### बुकिंग जोरों पर

मई व जून में अब विवाह के कम मुहूर्त होने के चलते शहर के मैरिज गार्डन, बारातघर व होटलों की बुकिंग जोरों पर है। टैंट, बैंड व अन्य जरूरी बुकिंग जोरों पर चल रही है। विवाह की खरीदारी का दौर भी जमकर जारी है। सराफा बाजार में विवाह के लिए आभूषण खरीदने लोग उमड़ रहे हैं। सराफा व्यापारियों के अनुसार बीते कुछ दिनों से सराफा बाजार में बिक्री बढ़ गई है। टेंट व्यापारियों ने बताया कि इन बुकिंग अच्छी हुई है।

### 27 दिन तक गुरु अस्त, फिर चातुर्मास

ज्योतिषाचार्यो के अनुसार विवाह के लग्न मुहूर्त देखते समय गुरु व शुक्र ग्रह का अच्छी स्थिति में होना जरूरी होता है। हिंदू पंचांग के अनुसार वर्ष 2025 में 12 जून से से 9 जुलाई के बीच गुरु ग्रह 27 दिन के लिए अस्त होने वाले हैं। गुरु ग्रह अस्त होने के कारण विवाह कार्य नहीं होगा। वहीं 6 जुलाई को देवशयनी एकादशी से चातुर्मास लगने के चलते विवाह नहीं होंगे।

# 19 मई तक बिगड़ा रहेगा मौसम के मिजाज, बन रही बारिश की स्थिति

**मई की शुरुआत से ही पश्चिमी विक्षोभ, चक्रवात के कारण बादल, बारिश की स्थिति लगातार बन रही है। मई की शुरुआत से ही पश्चिमी विक्षोभ, चक्रवात के कारण बादल, बारिश की स्थिति लगातार बन रही है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

इससे तापमान ज्यादा नहीं बढ़ा। इस सीजन में अब तक एक बार भी लू नहीं चली है।

शुक्रवार को भी सिवनी में मौसमी प्रणालियों के असर से दिन भर आसमान में बादलों की मौजूदगी रही। तेज धूप भी खिली। इसके चलते तापमान बढ़ा व उमस वाली गर्मी से लोग परेशान रहे। मौसम विभाग की मानें, तो जबलपुर सहित सभाग के जिलों में बादलों की मौजूदगी फिलहाल बनी रहेगी। कहीं-कहीं तेज हवा चलने व बारिश के आसार हैं। 19 मई तक मौसम के मिजाज बिगड़े रहेंगे।

### दिन में बढ़ा, रात में घटा तापमान

शनीवार को दिन का अधिकतम तापमान 38.5 डिग्री से बढ़कर 40.3 डिग्री पहुंच गया। यह सामान्य से एक डिग्री कम था। वातावरण में नमी व गर्मी के चलते जोरदार उमस से लोग परेशान रहे। रात का न्यूनतम तापमान 28.2 से लुढ़ककर 27.3 डिग्री दर्ज हुआ। यह सामान्य था। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ की गतिविधियां सक्रिय हैं। इस वजह से बारिश और आंधी की स्थिति बनी हुई है। अगले दो-तीन दिन में गर्मी का असर भी बढ़ेगा।

सभाग पूर्वी हिस्से में तापमान में 1 से 2 डिग्री की बढ़ोतरी हो सकती है। बारिश और आंधी का दौर भी जारी रहेगा। प्रदेश में साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ की गतिविधियां सक्रिय हैं। इस वजह से बारिश और आंधी की स्थिति बनी हुई है।

# विजय शाह और जगदीश देवड़ा के खिलाफ प्रदर्शन-भाकपा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** डॉ आंबेडकर चौक शिवनी में 17 मई को 12:00 बजे से 4:00 बजे शाम तक भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी एवं मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी सिवनी के संयुक्त तत्वाधान में डॉ मोहन यादव मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन एवं विजय शाह कैबिनेट मंत्री आदिम जाति कल्याण मामले मध्य प्रदेश शासन तथा जगदीश देवड़ा उपमुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन भोपाल के शर्मसार करने वाले बिगड़े बोल के कारण जोरदार विरोध प्रगट किया गया और महामहिम राष्ट्रपति महोदय भारत सरकार नई दिल्ली तथा महामहिम राज्यपाल महोदय मध्य प्रदेश शासन भोपाल के नाम जिला कलेक्टर सिवनी के माध्यम से इन तीनों मंत्रियों को माफी मांगने एवं इन तीनों पर कार्यवाही करते हुए मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की अपील की गई है। डॉ आंबेडकर चौक सिवनी में एक सभा की जाकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कामरेड डी डी वासनिक सहित राजेंद्र जायसवाल तीरथ प्रसाद गजभिए डॉ बी सी ओके राहुल कुमार पवन कुमार सनोदिया पूजा करोसिया अंगद सिंह बघेल तीरथ सिंह सनोदिया महेश सिंह सनोदिया तथा मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के कामरेड अनिल सलाम मनील सोनी आदि ने अपने भाषण में बताया कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने बालाघाट की सभा में कहा कि लाल सलाम कहने वालों को धरती पर रहने का अधिकार नहीं है जबकि लाल सलाम क्रांतिकारियों का अभिवादन का तरीका रहा है और आज पूरा वामपंथी तबका लाल सलाम कहता है यह आजादी के समय का लाल सलाम और इंकलाब जिंदाबाद का नारा क्रांतिकारियों द्वारा लगाया जाता रहा है जिससे तमाम किसान मजदूर और वामपंथी लोगों ने इस कृति की घोर निंदा की है और उन्हें माफी मांगने और इस्तीफा देने की मांग रखी है। इसी तरह श्री विजय शाह द्वारा कर्नल सोफिया कुरैशी के विषय में कहां है कि हमने आतंकवादियों की बहन सोफिया कुरैशी को पाकिस्तान भेज कर आतंकवादियों का बदला ले लिया है जो की कर्नल सोफिया कुरैशी का अपमान है एवं महिलाओं का भी अपमान है इन्हें भी मंत्रिमंडल से बर्खास्त किया जाना चाहिए। सभा में वक्ताओं द्वारा मध्य प्रदेश शासन के उपमुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा द्वारा कहा गया कि सेना को पाकिस्तान से बदला लेने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के चरणों में नतमस्तक होना चाहिए यह कथन सेना के लिए अपमानजनक है जिसके लिए इन्हें भी मंत्रिमंडल से इस्तीफा देना चाहिए। अंत में इस आशय का एक ज्ञापन कलेक्टर महोदय के माध्यम से महा महिम राष्ट्रपति महोदय नई दिल्ली को एवं महामहिम राज्यपाल महोदय मध्य प्रदेश सरकार भोपाल को दिया गया और उनसे तीनों पर तत्काल कार्रवाई की जाने की मांग की गई।



### दिन में निकाल रही तेज धूप, बिजली गुल होने से लोग परेशान

## जिले में बदला मौसम, रात में हो रही बारिश

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में मौसम के बदलते मिजाज ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। पिछले दो दिनों से जहां दिन में तेज धूप पड़ रही है, वहीं रात में तेज बारिश हो रही है। शनिवार रात 9 बजे से 11.30 बजे तक आकाशीय गर्जना के साथ तेज बारिश हुई।

बारिश शुरू होते ही शहर में बिजली गुल हो गई। शहर में चार घंटे तक लोग अंधेरे में रहे। बिजली कंपनी के हेल्पलाइन पर लोगों के फोन तक नहीं उठाए। इससे लोगों में नाराजगी देखी गई। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में जिले में 5.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई।



बालाघाट में सबसे ज्यादा 24.8 मिमी बारिश हुई।

### तापमान में गिरावट दर्ज

मौसम वैज्ञानिक धर्मेन्द्र आगासे ने बताया कि 21 मई तक आंधी-तूफान और बिजली के साथ हल्की वर्षा की संभावना है। अधिकतम तापमान 35.9 से 37.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25.1 से 26.5 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। सुबह हवा में 74 से 91 प्रतिशत और दोपहर में 37 से 47 प्रतिशत नमी रह सकती है। मौसम में यह बदलाव लोगों की दिनचर्या और स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है।

### जिले में सबसे ज्यादा बालाघाट में बारिश

भू-अभिलेख कार्यालय के अनुसार बीते 24 घंटे में जिले में 5.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिसमें सबसे ज्यादा बारिश बालाघाट में 24.8 मिमी, वारासिवनी में 4.2 मिमी, बैहर में 6.9 मिमी, लांजी में 5.1 मिमी, किरनापुर में 2.2 मिमी, खैरलांजी में 7.2 मिमी, लालबर्रा में 4 मिमी, परसवाड़ा में 4.5 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है। जबकि कटंगी, बिरसा और तिरोड़ी में बारिश नहीं हुई।

## उपयंत्री के संरक्षण में पंचायतों के कार्य में भारी भ्रष्टाचार

**मामला गढ़ी क्षेत्र की ग्राम पंचायत में उपयंत्री पुरूषोत्तम उइके निर्माण कार्य में भारी अनियमितता करके शासन की राशि में मचा रहे भारी लूट**



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिला में तीन जनपदो में शासन के द्वारा ग्राम पंचायतों को आरक्षित अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए किया गया हैं। जनपद बैहर, बिरसा, परसवाड़ा में समस्त ग्राम पंचायतों में सरपंच अनुसूचित जनजाति वर्ग का चुना जाता हैं। मिली जानकारी अनुसार बैहर जनपद अंतर्गत गढ़ी क्षेत्र में लगभग दो दर्जन से ज्यादा ग्राम पंचायत आती हैं, उपयंत्री पुरूषोत्तम उइके के द्वारा ग्राम पंचायत अलना, परसामऊ तथा अन्य ग्राम पंचायतों में लगभग 14 लाख रूपये की राशि से स्टापडेम निर्माण कार्य गांव के नालो में बनाया गया हैं। किन्तु सरपंच, सचिव की सरलता का लाभ उठाते हुए उपयंत्री पुरूषोत्तम उइके के द्वारा घाटया निर्माण कार्य करवाकर शासन की राशि में जमकर लूट मचाई जा रही हैं।

उपरोक्त ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव ने हरिभूमि को जानकारी देते हुए बताया कि उपयंत्री पुरूषोत्तम के द्वारा मूल्यांकन कार्य में लाखों रूपये डकार जाते हैं। वहीं उपयंत्री पुरूषोत्तम उइके सहायक यंत्री के रूप में अतिरिक्त प्रभार लेकर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं। सी.सी. सड़क, सुदूर सड़क तथा लघु तालाब निर्माण कार्य में उपयंत्री के द्वारा जमकर भ्रष्टाचार मचाया जा रहा हैं। क्षेत्र के सरंपच, सचिव ने शासन प्रशासन से मांग की हैं कि ऐसे भ्रष्ट उपयंत्री का शीघ्र स्थानांतरण किया जायें।

## जुआ खेलते हुए 3 आरोपी गिरफ्त में, 2 भाग निकले

### 4 लाख रुपए-कार और 4 मोबाइल जब्त

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के परसवाड़ा में पुलिस ने रविवार को जुआ खेलते तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनसे 3 लाख 95 हजार 500 रुपए, एक कार और 4 मोबाइल जब्त किए गए हैं। दो आरोपी मौके से फरार हो गए।

परसवाड़ा थाना प्रभारी मदन इवने को खरपड़िया ढाबा के पास चिरईडोंगरी मार्ग पर जुआ खेलने की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके पर घेराबंदी कर कार्रवाई की।

पकड़े गए आरोपियों में कटंगी के बिहारी दास मुरचुले (52), बिरसा के शैलेन्द्र जैसवाल (43) और अमन मुरचुले (20) शामिल हैं। बैहर के हामिद खान और उकवा के अनवर खान फरार हो गए।



पुलिस ने आरोपियों पर संगठित अपराध की धाराओं में केस दर्ज किया है।

इससे पहले 14 मई को भी परसवाड़ा पुलिस ने जुआ फड़ पर छापा मारा था। उस दौरान 6 जुआरी पकड़े गए थे। उनसे 1.55 लाख रुपए, तीन बाइक और 5 मोबाइल बरामद हुए थे।

## संत निरंकारी मंडल का 14वां रक्तदान शिविर



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में रविवार को संत निरंकारी भवन में रक्तदान शिविर लगाया गया। इस शिविर में युवा, महिलाएं और वरिष्ठ नागरिकों सहित 303 लोगों ने रक्तदान किया।

संत निरंकारी चेरिटेबल ट्रस्ट 1986 से हर साल मानव दिवस पर रक्तदान कार्यक्रम करता है। इस साल यह 14वां रक्तदान शिविर था। कार्यक्रम में 400 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया। शाम 5 बजे तक 303 लोगों ने रक्तदान किया।

संस्था प्रतिनिधि प्रकाश खटवानी ने बताया कि सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज की प्रेरणा से यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य जरूरतमंदों को समय पर रक्त उपलब्ध करवाना और आमजन में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना है।

## 2 किलो गॉजे की तस्करी करते हुए युवक गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** वारासिवनी थाना क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थो और शराब की बिक्री की धड़ल्ले से हो रही हैं। जिस पर नियंत्रण के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में मुखबिर की सूचना पर वारासिवनी पुलिस की टीम ने वारासिवनी-लालबर्रा मार्ग पर स्थित नाके के पास एक बजाज कंपनी की प्लेटिना मोटर साईकिल पर काले रंग के बैंग में अवैध मादक पदार्थ गॉजा की तस्करी करते हुए 40 वर्षीय जॉनी बुधरानी को गिर$फतार किया है। वहीं एक अन्य आरोपी पीयूष बसंतवानी पुलिस को चकमा देकर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। जिसकी पुलिस द्वारा तलाश की जा रही हैं।

जानकारी अनुसार गिरफ्तार आरोपी जॉनी बुधरानी के खिलाफ अपराध क्रमांक 223/2025 धारा 8/20 एनडीपीसी एक्ट 3 (5) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर रिमांड पर माननीय न्यायालय में पेश किया गया हैं। पुलिस के अनुसार गॉजे की कीमत लगभग 35 हजार रुपये व 50 हजार रुपये कीमत की मोटर साईकिल हैं।



आरोपी को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक हेमंत नायक, उपनिरीक्षक पवन यादव, उपनिरीक्षक धर्मराज बघेल, सहायक उपनिरीक्षक तरुण सोनेकर, सहायक उपनिरीक्षक महल सिंह धुर्वे, सहायक उपनिरीक्षक राजेश सनोडिया, प्रधान आरक्षक शाहिद परवेज खान, आरक्षकगण कल्याण सिंह भदौरिया, वसीम खान, विकास चौड़े, शिवदत्त शर्मा, हेमंत बघेल की सराहनीय भूमिका रही।

### नकली खाद बीज को लेकर सजग कृषि विभाग के अधिकारी

**लांजी।** बालाघाट कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देश एवं उपसंचालक कृषि के मार्गदर्शन में कृषकों में अच्छी गुणवत्ता वाला बीज मिल सके इस हेतु कृषि विभाग द्वारा सतत निगरानी की जा रही है एवं समय-समय पर निरीक्षण भी किया जा रहा है इसी तारतम में 17 मई की सुबह सूचना मिलते ही लांजी के बालाघाट रोड पर धान बीज की गाड़ी को बीज निरीक्षक द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर पाया कि धान बीज वेदा सीड्स करीमनगर तेलंगाना कंपनी का बीज ट्रक क्रमांक cg 08 AW 2529 से किसान कृषि केंद्र लांजी जिनके प्रोपराइटर गोविंद गरुडे के गोदाम में लाया गया था जिसमें वेदा कंपनी के MTV -7029- 40 क्विंटल, वेदा - 10 गोल्ड -15.20 क्विंटल, यमुना गोल्ड-40 क्विंटल एवं MTV -101-225 क्विंटल था। किसान कृषि केंद्र लांजी के संचालक से बिल लाइसेंस एवं पीसी मांगने पर सभी दस्तावेज सही पाए गए निरीक्षण के दौरान 18 मई को यूनिवर्सल कृषि केंद्र लांजी जिनके प्रोपराइटर नरेश आसटकर की दुकान से अंकुर सीट्स कंपनी का सुपर स्वर्ण किस्म का नमूना लिया गया इसी प्रकार श्रुति कृषि केंद्र लांजी जिनके प्रोपराइटर भुनेश कुमार चोरनेले से धान के आशा एग्री साइम सीड कंपनी के किस चार्मी YPV -353 एवं लक्ष्मी लोकेट के दो नमूने लिए गए एवं दोनों कृषि केदो के रिकॉर्ड का निरीक्षण किया गया।

## एक साल पहले नई पाइपलाइन बिछी:लेकिन स्पलाई अब तक नहीं, पुरानी लाइन में कम आ रहा पानी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट नगरपालिका के वार्ड 32 में पेयजल संकट है। नगरपालिका अध्यक्ष ने पार्षदों की सहमति लिए बिना पुरानी पाइपलाइन को बंद करवा दिया। इससे पिछले एक साल से 3 हजार लोग पानी की समस्या से परेशान हैं।

वार्ड के सत्ताधारी पार्षद राज हरिनखेड़े की शिकायतों पर भी नगरपालिका ध्यान नहीं दे रही है। नगरपालिका न तो नल से पानी की आपूर्ति कर पा रही है और न ही टैंकर की व्यवस्था कर रही है।

### लोग बोले- शिकायत पर भी कार्रवाई नहीं

स्थानीय निवासी वंशिका लालवानी ने बताया कि पिछले पांच दिनों से पीने के पानी से दुर्गंध आ रही है। शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। वार्ड की एक अन्य निवासी अंजू के अनुसार कालोनी के कई घरों में पानी नहीं पहुंच रहा।

### नई पाइपलाइन से नहीं हो रही सप्लाई

वार्ड के लोग कुएं या पड़ोसियों से पानी लेकर अपना काम चला रहे हैं। कुछ दिन पहले कम दबाव में पानी आया था। अब वह भी बंद हो गया है।

नगरपालिका ने नई पाइपलाइन बिछाई, लेकिन उससे भी पानी की आपूर्ति शुरू नहीं हो पाई है। गर्मी के मौसम में लोगों को पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है।

### अधिकारी बोले- नलों में तेज पानी आए, इसलिए प्रेशर बढ़ाने का प्रयास जारी है

नगरपालिका के जलप्रदाय शाखा प्रभारी भूमेश्वर शिव ने बताया कि वार्ड 32 के जिस क्षेत्र में पानी की समस्या है, वहां पानी गायखुरी टंकी से सप्लाई होता है। चूंकि पाइपलाइन छोटी होने और कनेक्शन ज्यादा होने के कारण, पानी का प्रेशर नहीं मिल पा रहा है। जिसके लिए पाइपलाइन वाले भाग को खोदकर, प्रेशर बढ़ाने का प्रयास जारी है, जैसे ही प्रेशर बढ़ेगा, लोगों के घरो तक पानी पहुंचाया जाएगा।

## मॉयल महिला मण्डल द्वारा ओपन एवम इनडोर जिम का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मॉयल लिमिटेड, जो कि भारत सरकार का एक प्रमुख सार्वजनिक उपक्रम है, ने स्वास्थ्य और फिटनेस को बढ़ावा देने की दिशा में एक और सार्थक कदम उठाते हुए भरवेली स्थित आवासीय कॉलोनी में इनडोर और ग्रीन (ओपन) जिम की शुरुआत की। यह जिम केंद्र महिला मंडल के सौजन्य से रविवार, 18 मई को आयोजित एक गरिमामय समारोह में प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर मॉयल महिला मंडल की सक्रिय सदस्य श्रीमती किरण उम्मेद भाटी एवं श्रीमती अनामिका विवेक कुमार ने संयुक्त रूप से इनडोर एवं ओपन जिम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में कॉलोनी की महिलाओं, युवाओं, बच्चों सहित अन्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लगातार बढ़ रही है। यह केंद्र खासतौर पर महिलाओं और उनके परिवारजनों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा, क्योंकि वे अपने घरेलू



कार्यों के बीच कुछ समय स्वयं के स्वास्थ्य के लिए निकाल सकेंगी। इनडोर जिम में कार्डियो मशीन, ट्रेडमिल, साइकलिंग, वेट ट्रेनिंग जैसी आधुनिक सुविधाएं प्रदान की गई हैं, जबकि ग्रीन जिम में खुले वातावरण में व्यायाम हेतु विशेष उपकरण लगाए गए हैं, जिनका लाभ हर आयु वर्ग के लोग ले सकते हैं। यह पहल भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे 'फिट इंडिया मूवमेंट' के अंतर्गत की गई है, जिसका उद्देश्य नागरिकों को शारीरिक रूप से सक्रिय और मानसिक रूप से सजग बनाए रखना है। मॉयल प्रबंधन ने इस दिशा में न केवल सकारात्मक सोच प्रदर्शित की है, बल्कि जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाओं को उपलब्ध कराकर अपने कर्मचारियों और उनके परिजनों के जीवनस्तर को बेहतर बनाने का प्रयास किया है। महिला मंडल की भूमिका इस आयोजन में अत्यंत सराहनीय रही, जिन्होंने पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा, सजावट, समन्वय एवं जनजागरूकता की जिम्मेदारी भलीभांति निभाई। यह पहल न केवल स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक अनुकरणीय उदाहरण है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि संगठित प्रयासों से किसी भी समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। समारोह के अंत में सभी उपस्थित जनों को स्वास्थ्य के महत्व पर जानकारी दी गई और यह संदेश दिया गया कि स्वास्थ्य ही जीवन की सच्ची पूंजी है, जिसे किसी भी स्थिति में नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए।

## विद्यार्थियों के साथ जल संवाद कर दिलाई जल संरक्षण की शपथ

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन में जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत विभिन्न क्रियाकलापों के माध्यम जिले वासियों द्वारा जल गंगा संवर्धन में सहभागिता स्थापित की जा रही है। इसी कड़ी में रानी दुर्गावती महाविद्यालय परसवाड़ा में श्री सुशील बर्मन जिला समन्वयक ने जल संवाद किया। साथ ही विद्यार्थियों को बताया कि जल संकट से निपटने जल स्त्रोतों जैसे नदी तालाब कुएं के संरक्षण की जिम्मेदारी प्रत्येक नागरिक की है। उन्होंने कहा कि मनुष्य ने भूमि का जल का शोषण किया है। जबकि दोहन करना था। वर्तमान में भूमि का जल स्तर निरंतर गिरता जा रहा है। जहां 40 फीट पानी था। आज 400 फीट तक पानी नहीं निकल रहा। यदि अभी भी नहीं चेते तो जल कि स्थिति भयावह होगी। एवं सभी विधार्थियों को जल स्त्रोतों के संरक्षण कि शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में संतोष नगपुरे विकासखण्ड समन्वयक जन अभियान परिषद एवं माधुरी पटले योगेश्वरी रहांगडाले सोहेद्र पंचतिलक दिनेश वरकड़े तिमेश्वरी शरणागत सहित 50 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस मनाया गया

**बालाघाट ।** रविवार को इतिहास एवं पुरातत्व शोध संस्थान संग्रहालय में अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस मनाया गया। यह दिवस समाज शास्त्री श्री राजकुमार शर्मा के मुख्य आतिथ्य और इतिहास एवं पुरातत्व शोध संस्थान के संग्रहाध्यक्ष डॉ.वीरेन्द्र सिंह गहरवार की अध्यक्षता में मनाया गया। इन अवसर पर राजकुमार शर्मा को सम्मानित किया गया। इस दौरान संग्रहाध्यक्ष डॉ.गहरवार ने कहा विश्व का प्रथम इतिहास एवं पुरातत्व शोध संस्थान संग्रहालय बालाघाट है।

### बस स्टैंड में गूंजे देशभक्ति के स्वर, पाकिस्तान मुर्दाबाद के लगे नारे

## सेना के सम्मान में शहर में निकली तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाते हुए रविवार को कटंगी में सेना के सम्मान में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई. शाम 06 बजे सरकारी अस्पताल मैदान से यात्रा की शुरुआत हुई और बस स्टैंड में जय स्तंभ के पास यात्रा ने विराम लिया. जिसके बाद मंचीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ. तिरंगा यात्रा में विधायक गौरव सिंह पारधी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती केसर बिसेन, एसडीएम मधुवंत राव धुर्वे, एसडीओपी विवेक शर्मा, तहसीलदार सुरेश उपाध्यक्ष, नायब तहसीलदार महेश सोलंकी, जनपद अध्यक्ष श्रीमती कवित देशमुख, कटंगी थाना प्रभारी जयंत मर्सकोले, तिरोड़ी थाना प्रभारी कौशल कुमार सूर्या, आशुतोष बिसेन, पूर्व जिला पंचायत सदस्य शंकर लाल टांडेकर, मीसाबंदी रामसिंह ठाकुर, भूपेन्द्र ठाकुर, मुकेश चौकसे, योगेश सोनवाने, मिहिर त्रिवेद्वी, डॉ फारूक अंसारी, नीलम बंशपाल, एस.एल.पटेरिया सहित बड़ी संख्या में युवा और मातृशक्ति ने हिस्सा लिया।

बस स्टैंड में रैली के विराम लेने के बाद सर्वप्रथम शाम 07 बजे जय स्तंभ में भारत माता के छायाचित्र का पूजन किया गया. जिसके बाद मंचीय कार्यक्रम की शुरुआत हुई. भूपेन्द्र ठाकुर के आयोजन के बारे में विस्तार से जानकारी दी. इसके बाद पूर्व सैनिक शंकर लाल टांडेकर ने कहा कि शायद पहली ऐसी घटना घटी होगी जहां जाति और धर्म पूछ कर गोली मारी गई है. उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर चलाकर भारत देश ने पाकिस्तान को बता दिया कि हम किसी से डरने वाले नहीं है. भारतीय सेना और सरकार ने पाकिस्तान को एक मौका सुधरने के लिए दिया है अगर फिर भी पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आया तो भारत की सेना सबक सिखाने के लिए तैयार बैठी है।



जिला पंचायत सदस्य केसर बिसेन ने कहा कि यह यात्रा राष्ट्र ध्वज तिरंगा और भारतीय सेना सम्मान में निकाली गई है. पाकिस्तान से आए आंतकवादियों ने हमारे देश में कश्मरी के पहलगाम में निर्दोष सैलानियों को मारकर कायरता का परिचय दिया था तो वहीं हमारी देश की सेना ने पाकिस्तान में घूसकर आंतकवादियों के ठिकानों को उड़ाकर अपने अदम्य साहस का परिचय दिया है. उन्होंने आतंकवादी हमले में मृत सैलानियों और आतंकवादियों के विरुद्ध की गई जवाबी कार्रवाई में शहीद हुए वीर जवानों को अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि दी. हमारा देश धर्मनिरपेक्ष है यहां सभी को बराबर मान्यता दी जाती है इसलिए हमारे भारत देश के लिए अनेकता में एकता की बात कहीं गई है. हमारी बहनों ने भी युद्ध के मैदान में आकर हिस्सा लिया. उनका संघर्ष भी हमेशा याद किया जाएगा।

### रस्वती शिशु मंदिर लांजी में सात दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का हुआ समापन

**हरिभूमि न्यूज लाँजी।** लांजी नगर में स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में सात दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का समापन हो गया है। यह प्रशिक्षण वर्ग विद्यालय के आचार्यों के लिए आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य उन्हें बेहतर शिक्षण विधियों और छात्र-छात्राओं के विकास के लिए आवश्यक ज्ञान प्रदान करना था। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्या भारती संगठन द्वारा संचालित है, जो पूरे भारत में सरस्वती शिशु मंदिरों के माध्यम से शिक्षा और संस्कार प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है. सरस्वती शिशु मंदिर लांजी में महाकौशल वनांचल शिक्षा सेवा न्यास जबलपुर द्वारा संचालित सात दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का समापन 17 मई को शाम 7:00 बजे से किया गया।जिसमें अध्यक्ष टीडी.लिल्हारे , मुख्य अतिथि योगेश रामटेक्कर , मुख्य वक्ता- वीरेंद्र ठाकुर मंचासिन थे,विशिष्ट अतिथियों में श्रीमती कलावती लिल्हारे , सेना के सेवा निवृत्त सैनिक हुलासराम सिरामें, पवन सोनवाने, पितम चालक, गणेश मोरघड़े उपस्थित थे,साथ में जिला के जिला संयोजक जिनके मार्ग दर्शन में यह वर्ग संचालित होकर समापन हुआ,,विजय रामटेक्कर जी, कोषाअध्यक्ष छबिलाल मराठे, खंड लांजी के खंड बौद्धिक प्रमुख अरुण आसटकर जी,दिनेशपुरी गोस्वामी, राजेंद्र सोनेकर,त्र्यंबक भगत,



सदरू लाल बोहने,नरेंद्र मरावी जिला समन्वयक, संकुल समन्वयक नीरेश बाहेश्वर,राकेश मर्सकोले,श्रीमती कौशल्या लिल्हारे उपस्थित थे, अतिथियों के द्वारा भारत माता,मां सरस्वती जी का पूजन कर दीप प्रज्वलित किया गया,मुख्य वक्ता ठाकुर जी द्वारा वर्ग के महत्व के बारे में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहां की शिशु मंदिर की शिक्षा राष्ट्रप्रेम एवं संस्कारित व्यक्ति का निर्माण करती है।सात दिवसीय प्रशिक्षण के माध्यम से जो आप लोगों ने सीखा है उसे भैया बहनों के माध्यम से समाज में फैलाने का प्रयास करना है।वनांचल संस्कार केंद्र के पदाधिकारियों द्वारा सेवानिवृत सैनिकों का शाल श्री फल देकर स्वागत किया गया, तथा वर्ग में पधारे आचार्य दीदीयो एवं समस्त कार्यकर्ताओं को गमछा देकर सम्मानित किया गया।